हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024




## NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

**भिलाई।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887




Advt.


### हत्या पश्चात बीएसएनएल के मोबाईल टावर को किया आग के हवाले

# भाई-बहन नक्सली कमांडर फिर भी जनअदालत में मौत की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भाई-बहन नक्सली कमांडर फिर भी घर के सदस्य को जन अदालत में नक्सलियों की तरफ से मौत की सजा दी गई है। लोकसभा चुनाव को चंद दिन शेष है। इधर नक्सलियों ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तालिबानियों की तर्ज पर मौत देना प्रारंभ कर दिया है। गुरुवार रात को आरकेबी डिवीजन कमेटी के सशस्त्र नक्सलियों ने मानपुर विकासखंड के सीतागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पीटेमेटा गांव में घुसकर दो-दो नक्सली कमांडर के रिश्तेदार को मुखबीरी के शक में गला रेत कर निर्मम हत्या कर गांव में स्थापित बीएसएनल टावर को आग के हवाले कर दिया है। जिसके बाद मानपुर में नक्सल हलचल के बीच दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात 9 बजे के लगभग तीन सशस्त्र नक्सली प्रेमसिंह घावडे 25 वर्ष निवासी पीटेमेटा के घर आ धमके। इस वक्त प्रेमसिंह घावडे रात का खाना खाकर बैठा हुआ था। उसी वक्त घर में घुसकर तीन नक्सली केडर उसे कब्जे में लेते हुए घर से बाहर निकाले। युवक को नक्सलियों के चंगुल से बचाने उसकी पत्नी तथा पिता सामने आए, परंतु नक्सलियों की धमकी के बीच परिवार डर के सहम गया। इधर माओवादी संगठन ने घर से दूर ले जाकर धारदार हथियार से गला रेत कर प्रेमसिंह घावडे को दर्दनाक मौत दे दिया।

### पर्चा-पाम्पलेट भी छोड़ा

हत्या के पश्चात गांव में दाखिल नक्सलियों ने बीएसएनएल टावर को भी आग के हवाले कर दिया। घटनास्थल पर बेहद संख्या में आरकेबी डिवीजन कमेटी के नाम पर पर्चा-पाम्प्लेट माओवादी संगठन द्वारा छोड़ा गया है। घटना को लेकर पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक प्रेमसिंह घावडे की बहन प्रमिला उर्फ रुखमीन घावडे नक्सली संगठन में शीर्ष मुकाम पर थी। जिसका विगत दो-तीन वर्ष पूर्व नारायणपुर के भीतरी इलाके में फोर्स के साथ मुठभेड़ में वह मारी गई। इसी तरह रिश्ते में भाई विनोद घावडे मोहला-औंधी संयुक्त एलओएस के कमांडर के रूप में हथियार उठाए हुए हैं।



### चुनाव बहिष्कार का फरमान

हत्या के पश्चात एक तरफ जहां नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार के साथ-साथ भाजपा को मार भगाने जैसी लिखित लाल फरमान जारी किया है। वहीं आदिवासी नेता सुरजू टेकाम की गिरफ्तारी के विरोध में मानपुर के कलवर गांव सहित आसपास के प्रभावशील गांवों में ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के निर्णय को लेकर लगातार बैठक आहूत कर रहे हैं।

### नक्सल वारदात से भाजपा नेताओं में दहशत

नक्सली संगठन तथा सुरजू टेकाम के समर्पित लोगों द्वारा चुनाव बहिष्कार के फरमान से जहां कांग्रेस पैठ वाले इलाके में सीधे कांग्रेस पार्टी को वोट में फर्क पड़ेगा। वहीं नक्सली दहशत के बीच भाजपा के कार्यकर्ता व नेता आम ग्रामीणों से वोट मांगने मोहला-मानपुर क्षेत्र के भीतरी इलाके में घुसने के लिए दहशत के साये में है।

### टारगेट में कई भाजपा नेता

एकाएक जिले में बढ़ते नक्सली दहशत के बीच इस जिले के कई भाजपा नेताओं को नक्सली संगठन टारगेट में रखी हुई है। माओवादी संगठन ने भाजपा नेताओं के नाम पर पर्चा दर्ज कर जन अदालत में मौत देने का फरमान जारी किया हुआ है।

### सर्चिंग तेज

एक आम ग्रामीण की बौखलाहट में नक्सलियों ने हत्या कर दी। फोर्स हाईअलर्ट है। सर्चिंग तेज कर दी गई है।
- **यशपाल सिंह,** एसपी, मोहला-मानपुर जिला

# चार फार्म रिजेक्ट, अब 19 अभ्यर्थी शेष आठ अप्रैल तक नाम वापसी का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को फार्म की जांच भी कर ली गई है। कुल 23 अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए फार्म की जांच में चार फार्म गलत पाए गए, जिन्हें जिला निर्वाचन द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया है। अब लोकसभा चुनाव के मैदान में 19 अभ्यर्थी ही शेष रह गए हैं। इनमें भी जो चुनाव नहीं लड़ना चाहते उन्हें अपना नाम वापस लेने के लिए आठ अप्रैल तक का समय दिया जाएगा। जिसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर उनमें चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 244 लोगों के नामांकन फार्म लेने से सुर्खियों में आई राजनांदगांव लोकसभा सीट में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से स्क्रूटनी प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें सभी दाखिल फार्म की बारिकी से जांच की गई। इनमें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी के साथ ही तीन निर्दलियों के फार्म रिजेक्ट किए गए हैं। रिजेक्ट हुए फार्म में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी नरेश मोटघरे के साथ निर्दलीय प्रत्याशी गजेन्द्र साहू, सच्चिदानंद कौशिक व दाऊसिंह चौहान शामिल हैं। चुनाव की फाइनल तस्वीर नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद ही साफ हो पाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक है। इसके तत्काल बाद शेष अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का वितरण किया जाएगा।

### अब यह प्रत्याशी मैदान में

स्क्रूटनी के बाद कुल 19 अभ्यर्थी शेष हैं। जिनमें भाजपा से संतोष पांडे, कांग्रेस से भूपेश बघेल, बसपा देवलाल सिन्हा, शक्ति सेना नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी लाखन सिंह टंडन, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी श्रीकांत कासेर तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, त्रिवेणी पडोती, बसंत कुमार मेश्राम, भुवन साहू, महेन्द्र कुमार साहू, रमेश यादव, रेखचंद मंडले, विशेष धमगाये, एएच सिद्दीकी, सुखदेव सिन्हा शामिल हैं।

### नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को होगा। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा।

# आज कवर्धा में मोहन यादव, 19 को पीएम मोदी की राजनांदगांव में सभा

## मोहला-मानपुर में हेमा या स्मृति का दौरा, सीएम करेंगे धुंआधार प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सबसे हाइप्रोफाइल सीट बन चुकी राजनांदगांव लोकसभा को जीतने के लिए भाजपा भी ऐड़ी चोटी का जोर लगाने में जुट गई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनने के बाद मुकाबला रोचक हो गया है। यही कारण है कि भाजपा अपने दिग्गज नेताओं का दौरा इस सीट पर कराने वाली है। कल शनिवार को जहां एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव कवर्धा में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। वहीं आगामी 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री की एक सभा राजनांदगांव शहर में होने की पूरी संभावना है।

वहीं वनांचल क्षेत्र मोहला-मानपुर में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी या फिर हेमा मालिनी की एक सभा कराने के प्लान पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी आने वाले दिनों में लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभाओं में दौरा कर प्रचार अभियान को तेजी दे सकते हैं। इनके अलावा योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान और हेमंत बिस्वा शर्मा के भी दौरे हो सकते हैं। हर गांव तक पहुंचने और सभी विधानसभाओं में लगातार प्रचार अभियान को आगे और तेज करने के लिए राजनांदगांव लोकसभा के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव के साथ उनकी टीम भी बैठकें कर रही है। कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें प्रचार के टीप्स दिए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में कई स्टार प्रचार की सभाएं लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कराने का पूरा प्लान तैयार किया जा रहा है।

### गृहमंत्री का दौरा टला

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव का प्रचार करने के लिए कल शनिवार को कवर्धा में गृहमंत्री अमित शाह का दौरा कार्यक्रम तय था, लेकिन किसी कारणवश दौरा टल गया है। आज उनके स्थान पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जनसभा को संबोधित करेंगे।







### स्टार प्रचारकों के जरिये भाजपा ढूंढेगी जीत

वनांचल क्षेत्र मोहला-मानपुर में पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को लीड नहीं मिल पाई थी। ऐसे में इस बार वहां से बढ़त हासिल करने के लिए भाजपा ने भी अपना प्लान तैयार कर लिया है। फील्ड पर कार्यकर्ताओं को तैनात कर प्रचार के साथ ही आने वाले दिनों में किसी फिल्मी सितारे की वहां सभा कराने की कोशिशें की जा रही है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी या फिर हेमा मालिनी के आने की संभावना अधिक बताई जा रही है।

### स्टेट स्कूल में होगी सभा?

आगामी 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनांदगांव लोकसभा प्रचार के लिए आने की पूरी संभावना है। इस संभावित तिथि को ध्यान में रखकर ही भाजपा अपनी तैयारी भी कर रही है। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के स्टेट स्कूल मैदान में यह सभा आयोजित की जा सकती है। इस सभा में एक लाख लोगों के जुटने को लेकर तैयारियां की जाएगी। हालांकि अब तक दौरे को लेकर कुछ तय नहीं किया गया है।

### सीएम करेंगे धुंआधार प्रचार

केंद्रीय नेताओं के अलावा प्रदेश के नेताओं को भी राजनांदगांव के चुनावी रण में उतारा जाएगा। आने वाले कुछ दिनों में सीएम विष्णुदेव साय भी खैरागढ़, खुज्जी, पंडरिया के साथ कवर्धा में सभाएं ले सकते हैं। इसके साथ ही दोनों डिप्टी सीएम को भी अलग-अलग इलाकों में सभाएं लेने भेजा जा सकता है। ज्ञात हो कि सांसद व प्रत्याशी संतोष पांडे ने भी अब रोजाना दर्जनभर गांव का दौरा करना शुरू कर दिया है।






## खबर संक्षेप

### पुरानी शराब की बिक्री नई दर से

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार ने एक अप्रैल से सभी ब्रांड की शराब की कीमत तो बढ़ा दिया है परंतु आज भी पुरानी रेट की शराब को नई दरों से बेचा जा रहा था जिसे लेकर शासकीय दुकान के कर्मचारी और ग्राहकों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जानकारी के अनुसार शासकीय शराब दुकानों में नई रेट सूची के आधार पर शराब बेचा जा रहा था जबकि बोतलों में पुरानी कीमत अंकित है। कर्मचारी ने बताया कि पुरानी कीमत वाली शराब को भी नई दर से बेचना है और उनके पास जो स्केनर दिया गया है उस पर पुरानी रेट की शराब का नया दर लागू हो चुका है। लोगों का कहना है कि नई कीमत लागू किया गया है तो शराब की बोतलो में नई कीमत का स्टीकर लगाना चाहिए।

### शिव प्राण प्रतिष्ठा 7 को

**मुरमुंदा।** ग्राम विचारपुर नवागांव के तालाब किनारे नवनिर्मित शिव एवं हनुमान मंदिर आगामी 7 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत कल 6 अप्रैल को निज निवास में वेदी पूजन, अन्नाधिवास एवं 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा हवन पूजन यज्ञ एवं प्रसादी 12 बजे से 3 बजे के मध्य होगा। यह जानकारी आयोजक प्यारेलाल साहू ने दी।

### मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा 9 को

**तुमड़ीबोड़।** समीप स्थित ग्राम आरगांव में नवरात्रि पर्व पर नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में मां शीतला की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा एवं शाला परिसर में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में मां सरस्वती प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन आगामी 9 अप्रैल को रखा गया है। आयोजन समिति एवं ग्राम अध्यक्ष बिसेसर लाल साहू ने सभी ग्रामवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### शंकर बघेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**डोंगरगढ़।** सतनामी एवं सतनाम धर्म विकास परिषद पंजीकृत सामाजिक संस्था है। यह संस्था समाजिकजनों की उन्नति के साथ महिलाओं, युवाओं, किसानों को जीविकोपार्जन का मार्ग दिखाती है। संस्था की बैठक गत दिनों प्रधान संरक्षक रामजी बड़े के निवास में आयोजित की गई जिसमें नई कार्यकारणी की सूची तैयार किया गया। परिषद की कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया।कार्यकारिणी में नए- पुराने एवं अनुभवी व्यक्तियों को स्थान दिया गया है। संस्थापक राजमहंत विष्णु बंजारे, प्रदेश अध्यक्ष राधे मोहन माडिले को नियुक्त किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश बघेल, कुणाल सतनामी, प्रदेश सचिव सनत पाटिल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कुंदन सतनामी, प्रदेश संयोजक शंकर बघेल को नियुक्त किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी पूनम सतनामी, प्रदेश सलाहकार उत्तम सतनामी, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बबलू सतनामी, प्रदेश अध्यक्ष अधिकारी एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ धीरेंद्र बनर्जी, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महिला प्रिया सतनामी को बनाया गया है। इसी प्रकार राजनांदगांव जिले से शंकर बघेल को संयोजक बनने पर गुलाब चंदेल, लोकनाथ भारती, संजय कुर्रे, सुरेश गेंडरे, कुबेर भारती, रंजीत भारती, हेमेश जांगड़े, राजेश भारती, सुरेंद्रकुमार, आशीष मारकंडे, सुरेश लहरे, महेन्द्र जांगड़े आदि ने बधाई दी है। यह जानकारी पूनम सतनामी ने दी।

### निधन

### मोहन राम महोबिया



**डोंगरगढ़।** महोबिया खुला पान भंडार के संचालक मोहन राम महोबिया का 70 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। वह शैलेष महोबिया के पिता एवं राजेंद्र महोबिया के बड़े पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार शाम को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

### दबिश को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

# चुनाव उड़नदस्ता पहुंचा कांग्रेसियों के ठिकाने पर, शहर में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेसियों के घरों सहित अन्य स्थानों पर उड़नदस्ता टीम के पहुंचने को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चा जारी रही। गुरूवार को दोपहर एक बजे के आसपास शासकीय अधिकारियों की गाड़ी भगत सिंग चैक स्थित एक भवन में पहुंची। यहां टीम ने बैठे कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से पूछताछ किया और निकल गए। यहां अधिकारी क्यों पहुंचे थे? इसकी पुष्टि नही हुई है किन्तु भवन के सामने खड़ी गाड़यिा और वहां उपस्थित लोगों को देखकर अधिकारियों ने प्रवेश किया था। बताया जाता है कि उक्त भवन में कांग्रेस की बैठक चल रही थी जिसकी अनुमति नहीं लिया गया था। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी उमेश पटेल और तहसीलदार मुकेश ठाकुर से संपर्क नही होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका है। आसपास क्षेत्र में यह चर्चा रही कि अधिकारियों की कुछ वाहन भवन के अलावा कुछ कांग्रेस नेताओं के घर पहुंची थी।

### नामांकन की तैयारी

जनकारी के अनुसार भगत सिंह चौक स्थित भवन में गुरूवार को प्रातः 10 बजे से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा निर्दलीय प्रत्याशियों का फार्म भरवाकर कुछ बैंक कर्मचारियों की उपस्थिति में खाता खुलवाने के अलावा अन्य फार्मेल्टी पूरी की जा रही थी। जिसे धारा 144 का उल्लंघन मानते हुए उड़नदस्ता की टीम पहुंची थी।

### कांग्रेस देगी श्रमिकों को 400 रुपए रोजी

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल धुँआधार प्रचार कर रहे हैं। गत दिनों श्री बघेल घुमका में मनरेगा मजदूरों के बीच कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो मनरेगा के मजदूरों को प्रतिदिन 400 रूपए मजदूरी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा श्रमिक हितेषी रही है और आजादी के बाद तमाम ऐसे कानून बनाए जिसमें मजदूरों का हित हो। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के चलते श्रमिकों की स्थिति खराब हुई। हालत यह है कि श्रमिकों को काम नहीं मिल रहा है।

### मुफ्त में होगा सभी का इलाज

श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन प्रतिदिन 400 रु की गारंटी होगी। शहरी रोजगार गारंटी, श्रमिकों को स्वास्थ्य का अधिकार दिया जाएगा जिसमें मुफ्त जांच, इलाज की व्यवस्था रहेगी। श्री बघेल ने हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय एवं श्रमिक न्याय के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर घुमका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, फूलमती वर्मा, जय वर्मा, पीयूष दुबे, नवीन लुनिया, महेश वर्मा, राकेश वर्मा, खेमचंद, पप्पू, कमल बंजारे, टुमलाल वर्मा, राजेश शान, सुनील वर्मा, माहरा पाटिला, गिरीश साहू आदि उपस्थित थे।

# गहराई बिजली एवं पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गर्मी की शुरू होने के साथ ही बेलगांव में पानी संकट गहरा गया है। वर्तमान में टैंकर से पानी की सप्लाई किया जा रहा है। नलों ने जवाब देना शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि मार्च के अंतिम सप्ताह से गर्मी ने तीखे तेवर दिखाना शुरू किया है अभी मई और जून की गर्मी से लोगों को दो चार होना शेष है। विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलगांव इन दिनों पानी, बिजली की समस्या से जूझ रहा है। वर्तमान में पानी को लेकर जो स्थिति बनी है वैसा पहले कभी देखने नहीं मिला था। ग्राम में नल-जल योजना के तहत नल कनेक्शन लगाया गया है जिससे पानी की सप्लाई किया जता है जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही थी। वर्तमान में जल मिशन के तहत पाईप लाईन तो बिछा दिया गया है किन्तु कुछ घरों में प्लेटफार्म नहीं बनाया गया गया तो कई नल में टोंटी नहीं है। कई घरों में कनेक्शन लगा है जो अधूरा है।

### बिजली की आंख मिचौली

गांव में समय- बेसमय बिजली गुल होते रहती है। बिजली के आने-जाने का कोई समय तय नहीं है। दोपहर एवं रात में बिलजी गुल होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में किसानों ने धान की बोआई किया है।सिंचाई के लिए पंप दिन रात चलते है जिससे वोल्टेज की समस्या भी उत्पन्न होते रहती है।

### लाखों खर्च पर लाभ नहीं

जानकारी के अनुसार हाल के महीनों में पानी की सप्लाई करने का प्रयास किया था किन्तु सफलता नहीं मिली थी। जल मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है, किन्तु संकट का समाधान नहीं हुआ है। गर्मी के शुरूवाती दिनों से बेलगांव वासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। अधिकांश लोगों को टैंकर से पानी भरना पड़ रहा है। समय रहते समाधान का प्रयास नहीं किया तो आने वाले दिनों में यह समस्या विकराल हो जाएगी।

# एकता के साथ समाज को आगे बढ़ाएं और बने नेक : बघेल



**घुमका।** ग्राम पंचायत मुरमुंदा के आश्रित ग्राम जराही में साहू समाज के लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ अराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती मनाया। कार्यक्रम शुरू होने के पहले कलश शोभायात्रा यात्रा निकाला गया। ध्वजारोहण कर माता कर्मा की सामूहिक पूजा की गई। इस मौके पर समाज क्रे मेधावी छात्रो का सम्मान तहसील अध्यक्ष मंथिर साहू ने किया। कार्यक्रम में 62 गांव से पहुंचे प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ व्यक्तियों को श्रीफल एवं गमछा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### कर्मा की हुई पूजा

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। श्री बघेल का साहू समाज के लोगों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाजिक जनों से संगठित होकर कार्य करने की सलाह दी एवं कहां कि एकता में बल है। सभा को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान विवेक साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, डीडी साहू, ईश्वरी साहू, कल्पना साहू, भुनेश्वरी, पुनीता साहू, पार्वती साहू, फूलमती वर्मा, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, मंदिर साहू, परमानंद साहू, गणपत साहू, डोमार साहू आदि उपस्थित थे। अंत में सरपंच कल्पना साहू ने आभार व्यक्त किया।

# प्रत्येक बूथ में 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य

### शक्ति केन्द्रों में दो दिन चला बैठकों का दौर, कार्यकर्ताओं में भरा जोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के संकल्प के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनता तक पहुंचकर संपर्क करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में विगत दो दिनों में पार्टी पदाधिकारियों ने 24 शक्ति केन्द्रों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार पहले दिन मनेरी, रूदगांव एवं आरी शक्ति केन्द्र में पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, दीवानभेड़ी, मारगांव, मचानपार में मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, अर्जुनी, घोरदा, रामपुर में पवन जैन, खुज्जी, बडग़ांव चारभांठा, खुर्सीपार में निरेन्द्र साहू तथा मोहड़, कोकपुर तथा आसरा में भाजपा महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने बैठक लिया। इसी प्रकार तुमड़ीबोड़, बोदेला, बांकल में डॉ. निरेन्द्र साहू, सांगिनकछार, तिलईरवार, कोहका में पवन जैन, कुतुलबोड़ भांठागांव, करमतरा एवं किरगी शक्ति केन्द्र में रामकुमार गुप्ता ने बैठक लिया।

### वोट बढ़ाने का लक्ष्य

बैठकों में प्रभारियों ने बूथ संकल्प अभियान, प्रत्येक मतदान केन्द्र में 370 वोटों की बढ़ोतरी, मतदाता सूची का अवलोकन, माइक्रो डोनेशन, घर घर संपर्क अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान सहित लोकसभा चुनाव की रणनीति पर व्यापक चर्चा किया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने बूथ में वोट प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। खुर्सीपार शक्ति केन्द्र में आयोजित बैठक में चुनाव प्रभारी दिनेश गांधी भी शामिल हुए। उन्होनें कहा कि सबके सहयोग से साय सरकार बनी है, और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाना है। उन्होनें कहा की मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, दस वर्षों की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाना है। बैठक में विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश पाण्डेय, भाजयुमो के मंडल उपाध्यक्ष कोमल साहू, गुलशन हिरवानी, चुन्नी यदु, अंजू त्रिपाठी, नसीब रात्रे, पुष्पेंद्र हिरवानी आदि भी शामिल हुए।

# दस महीने से मजदूरी के लिए भटक रहे श्रमिक

- मजदूरों ने किया जिला प्रशासन से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मनरेगा के प्रावधान के विपरीत जाकर मजदूरों की मजदूरी करीब 10 महीने से रोकने और मटेरियल का प्राथमिकता के साथ भुगतान करने की शिकायत मिली हैं। मजदूरों ने इस मामले की शिकायत प्रशासन से किया हैं जिसके बाद जांच के आदेश जारी कर दिया गया है।

ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत बम्हनीभांठा के पुनेश्वर, द्वारकराम, विष्णु, वीरसिंग आदि ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत मे बताया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत अमृत सरोवर के रिटर्निंग स्ट्रक्चर का कार्य 7 जून 23 से 23 अगस्त तक किया था।

### मस्टररोल में हाजिरी किया निरंक

मस्टररोल क्रमांक 14267, 14487 में उनकी हाजिरी भरा गया था जिसे बाद में निरंक यह कहते हुए दर्शा दिया गया है कि सामग्री के भुगतान में परेशानी आ रही थी। इस संबंध में पूछने पर बताया गया था कि सामग्री की राशि आने पर श्रमिकों को भुगतान कर दिया जाएगा किन्तु करीब 10 महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है। गौरतलब है कि मनरेगा में पहले मजदूरी का भुगतान करना है किन्तु बम्हनीभांठा ठीक उल्टा किया गया है।

# शहर में सतत जलापूर्ति के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

- ग्रीष्म ऋतु में सुचारू जल आपूर्ति के लिए आयुक्त ने लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में शहरवासियों को सुचारू रूप से जल आपूर्ति किए जाने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने तकनीकी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जल प्रदाय विभाग से सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को प्रभारी अधिकारी एवं प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम को सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

साथ ही व्यवस्था में सहयोग करने उप अभियंताओं की वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें उप अभियंता दीपक माहला को वार्ड नं. 8, 9, 16, 45 व 46 का, ज्योति साहू को वार्ड नं. 29, 38, 50 एवं 51 का, सुषमा साहू को वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 5, 10 व 12 का, गरिमा वर्मा को वार्ड नं. 31, 32, 33 व 34 का, डागेश्वर कर्ष को वार्ड नं. 7, 11, 13, 14 व 15 का, अनिमेष चंद्राकर को वार्ड नं. 6, 41, 42, 43 व 44 का, तिलकराज धुर्वे को वार्ड नं. 39, 40, 47, 48 व 49 का, अशोक देवांगन को वार्ड नं. 19, 22, 23, 24 व 25 का, अनुप पांडे को वार्ड नं. 17, 18, 26, 27, 28 व 30 का एवं आयुषी सिंह को वार्ड नं. 20, 21, 35, 36 व 37 का दायित्व सौंपा गया है।

### जल व्यवस्था पर नजर रखेंगे निगम कर्मी

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि उक्त अभियंता अपने-अपने वार्डों में पाईप लाईन लिकेज, गंदे पानी की शिकायत, पेयजल आपूर्ति कम होने, नलों में टोटी न होने की शिकायत प्राप्त होने के साथ-साथ अमृत मिशन योजनांतर्गत वार्डों में इंटर कनेक्शन एवं रेस्टोरेशन, नल कनेक्शन यदि शेष हो तो वार्डवार सूची तैयार कर प्र. सहायक अभियंता जल प्रदाय को प्रस्तुत करें एवं इंटर कनेक्शन होने के पश्चात पुरानी पाईप लाईन को बंद किया जाना सुनिश्चित करेंगे। वार्डों में पानी न मिलने की शिकायत पर फीटर/अमृत मिशन की एजेंसी से सम्पर्क कर तत्काल निराकरण करेंगे, ताकि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल सुचारू रूप से अपूर्ति की जा सके।

# चैत्र नवरात्रि पर्व 9 से, तैयारियां प्रारंभ

### 9 दिन होंगे धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व आगामी 9 से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। पर्व को लेकर मंदिर ट्रस्ट सहित प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ज्योति कलश स्थापना आगामी 9 अप्रैल को नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 8.30 बजे एवं ऊपर मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से किया जाएगा। पंचमी 13 अप्रैल को एवं सप्तमी 15 अप्रैल को मनाया जाएगा इस मौके पर ऊपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में विशेष काल रात्रि अभिषेक मध्य रात्रि 11 से 12.30 बजे के मध्य होगा। अष्टमी हवन 16 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 8 बजे एवं नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से आरंभ होगा। नवमी ज्योति विसर्जन 17 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 4 बजे एवं नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। इसी कड़ी में 9 अप्रेल को प्रातः 9 बजे नीचे एवं ऊपर मंदिर में दुर्गा सप्तसती का पाठ विधि विधान से प्रारंभ होगा।

### सुविधाओं पर खास नजर

दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये ट्रस्ट समिति द्वारा अत्याधुनिक रोप-वे लगाया गया है, जिससे दर्शनार्थियो को सुविधाजनक दर्शन मिल सके। ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने बताया कि नधरात्रि पर्व में ज्योति स्थापना कराने वाले श्रद्धा की सुख समृद्धि के लिए दुर्गा सप्तसती का पाठ, शतचण्डी हवन आदि विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा। दर्शनार्थियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति प्रयासरत है। यह जानकारी मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

### शिक्षा विभाग ने किया स्वीप कप पर कब्जा

# क्रिकेट से दिया मतदान करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए मोहड़ के खेल मैदान में स्वीप अंतर्गत क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपुत, जनपद सीईओ नवीन कुमार, सीएमओ डीएस पाल की मौजूदगी में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने राजस्व, जनपद, शिक्षा एवं नगर पंचायत के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

स्वीप कार्यक्रम की नोडल रश्मि ठाकुर व मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया गया कि प्रथम मैच जनपद और राजस्व विभाग के मध्य खेला गया जिसमें जनपद पंचायत की ओर से सीईओ ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए बड़ी जीत हासिल किया। शिक्षा विभाग एवं नगर पंचायत के मध्य खेले गए मैच में शिक्षा विभाग ने जीत हासिल किया। फाईनल मैच जनपद पंचायत और शिक्षा विभाग के बीच खेला गया जिसमें शिक्षा विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वीप क्रिकेट कप पर कब्जा किया। एसडीएम श्री मरकाम ने विजेता टीम के कोच आरएल पात्रे, कप्तान जयंत साहू



एवं उपविजेता टीम के कप्तान नवीन कुमार को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीआरसी अरविंद रत्नाकर, दिलेश्वर शांडिल्य, लच्छू साहू , श्री मालेकर आदि उपस्थित थे। एसडीएम श्री मरकाम ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। संचालन एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर एवं कोकपुर संकुल समन्वयक राहुल जैन ने किया।

### प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च




**अंबागढ़ चौकी।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समन्वय से जागरूकता सह फ्लैग मार्च निकाला गया। रैली के माध्यम से नगरवासियो को निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया गया। सह फ्लैग मार्च में जनपद सीईओ प्रियंवदा रामटेके, तहसीलदार दिनेश साहू, नायब तहसीलदार हेमलता सलामे, थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, सीएमओ दिलीप यदु, परियोजना अधिकारी विनीता सोनी आदि शामिल हुए।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### अबेकस ओलंपियाड में पलक प्रथम

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी नगरी की होनहार बिटिया पलक जोशी ने



विगत दिनों संपन्न हुए अबेक्स में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस स्पर्धा में प्रथम रैंक हासिल कर परिवार एवं नगर का नाम रौशन किया। इसके साथ ही पलक जोशी ने गणित विषय के सेकंड लेवल ओलंपियाड में भी छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं रैंक सुरक्षित की है। पलक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता और पिता क्रमशः श्वेता जोशी और नरेश जोशी सहित शिक्षक तनु एवं वर्षा को दिया है।

### द्वितीय प्रशिक्षण 10 को

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन हेतु ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विधानसभा स्तरीय सेक्टर ऑफिसर को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### शुष्क अवधि घोषित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने मतदान के अवसर पर जिले की सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकान, मद्य भण्डारण-भांडागार एवं भांग व भांगघोटा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया है। जिले की सीमा से लगे अन्य राज्य के जिले एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले की 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

इसी प्रकार अन्य राज्य के जिले में एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के दौरान 3 किलोमीटर की दूरी में राजनांदगांव जिले की मदिरा दुकान को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के

### जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने सभी आएं आगे

# जिपं सीईओ ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सिविल सोसायटी के सदस्य, उद्योगपति, व्यवसायी, यू-ट्यूबर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का आग्रह किया।




#### सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध कराया जाएगा होर्डिंग्स

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि संस्थानों, कॉलोनियों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक परिवहन स्थलों सहित अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता के लिए होर्डिंग्स उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम की सभी दुकानों की दीवारों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। स्वच्छता दीदियां घर-घर पहुंचकर मतदाता जागरूकता के लिए पाम्प्लेट देंगी। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को स्वीप मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित यू-ट्यूबर्स से कहा कि विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले स्वीप कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर मतदान करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करें।

# कांग्रेस ने राजनीति का स्तर गिराया : जिला भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भाजपा के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव, सह-संयोजक दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, प्रदेश महामंत्रीद्वय भरत वर्मा, रामजी भारती, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कांग्रेस की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता चरणदास महंत के बयान पर कड़ा विरोध प्रकट करते कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता, परंतु कांग्रेस के नेतागण अब लोकतंत्र पर भरोसा नहीं करते, इसलिए वे तोड़फोड़ और मारपीट पर विश्वास कर रहे हैं। शायद इसलिए भूपेश बघेल की नामांकन रैली में पहुंचे चरणदास महंत के बिगड़े बोल से यही लग रहा है कि कांग्रेस ने राजनांदगांव में अराजकता फैलाने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि चरणदास महंत के बयान, जिसमें उन्होंने मोदी का सर भूपेश बघेल फोड़ सकते हैं, कहा था, जिस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते जिला भाजपा के नेताओं ने कहा कि आज विश्व पटल में भारत का स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। मोदी की प्रशंसा अन्य देश के लोग भी करते हैं। यहां तक की कट्टर विरोधी देश पाकिस्तान की जनता और मीडिया जगत भी भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी की नीतियों की प्रशंसा करते हैं, परंतु देश के कुछ विध्नसंतोषी लोग ही अपने ही देश के प्रधानमंत्री पद की महत्ता को नहीं समझते और सर फोड़ने जैसे अनर्गल और बेतुके बयान देकर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय देते हैं।

भाजपा नेताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेसी यह भूल जाते हैं कि यह नया भारत है और राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी है। यहां की जनता शांतिप्रिय है। चुनाव के माध्यम से हिंसा, आतंक और दबाव की राजनीति यहां नहीं चलने वाली और आने वाली 26 अप्रैल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा की जनता भूपेश बघेल को करारा जवाब देकर यहां से विदा करेगी।

# मोदी के तानाशाही रवैया से देशभर की जनता है परेशान : चंदन

- छग प्रभारी ने बैठक लेकर दिया दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी चंदन यादव राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं, नेताओं से की बैठक लेकर मार्गदर्शन के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किए हैं।

बैठक को लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक दीपक दुबे ने भी संबोधित करते भाजपा के असफल और चाल, चरित्र, चेहरे का खुलासा किया।

बैठक में राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन, विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, कमलजीत पिंटू, पप्पू धकेता, दिनेश शर्मा, शारदा तिवारी, रमेश डाकलिया, माया शर्मा, अशोक फड़नवीस, हनी ग्रेवाल, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, घनश्याम देवांगन, रोहित चंद्राकर सहित ब्लॉक अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।




#### भाजपा का जनाधार खिसका

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि श्री यादव अपने प्रवास के दौरान उन्होंने बैठक को संबोधित करते कहा कि आज देशभर की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तानाशाह रवैया से त्रस्त है। 70 साल में कांग्रेस ने जो विकास की गाथा लिखी थी, उसे 10 वर्षों में नेस्तानाबूत करने का काम भाजपा ने किया है। उत्तर से दक्षिण तक भाजपा का जनाधार खिसक गया है। भाजपा के धर्म और भावनात्मक मुद्दे की पक्षधर है। 10 साल की झूठी विकास की कहानी फेल हो गई है। व्यापारी जीएसटी से परेशान हैं, किसान फसल का वाजिब हक के लिए परेशान हैं, युवा रोजगार के लिए, महिला सुरक्षा के लिए परेशान है। भाजपा के 10 वर्षीय कार्यकाल में देश की एकता, अखंडता, संस्कृति और तो और भारत का संविधान भी खतरे में आ गई है। जैसा चुनाव रसिया, कोरिया, चीन में होते हैं, उसी तर्ज पर भाजपा चुनाव की प्रक्रिया अपनाने और भारतीय संविधान को बदलने एक साजिश 2024 के लोकसभा चुनाव में रची है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग और विपक्षी नेताओं का जेल में डालने का कार्य लोकतंत्र में विपक्ष को दबाने जैसा कार्य है।

# व्यय प्रेक्षक ने स्वीप गार्डन का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकतंत्र के पर्व में हर एक वोट जरूरी होता है... यह अनुगूंज हर घर तक पहुंच सके, इसी संदेश के साथ गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित स्वीप गार्डन में अधिकारी-कर्मचारियों का कारवां निकला। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुरूचि सिंह ने स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा..... बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी रश्मि सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा... बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।




#### बनाया गया आकर्षक सेल्फी जोन

कार्यक्रम में हॉकी का गोल कीपर एवं वन्य जीव को प्रदर्शित करते वन विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने आकर्षक सेल्फी जोन बनाया गया। स्वीप गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा चुनाव पर्व देश का गर्व, राजनांदगांव की है पहचान खेले हॉकी और करें मतदान, मेरा वोट मेरा अधिकार, मैं मतदान अवश्य करूंगा आप भी स्वीप नारों से जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जनसामान्य से आह्वान किया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिलेभर में कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है।

#### जानकारी प्रदर्शित

कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन में जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदान के उद्देश्य, महत्व, लोकतंत्र के संबंध में पूरी जानकारी प्रदर्शित की गई है। साथ ही स्वीप गार्डन में विभिन्न आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाया गया है। सेल्फी जोन में कलेक्टोरेट सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सेल्फी लेकर मतदाता जागरूकता का परिचय दिया।

#### मताधिकार का दिया संदेश

कलेक्टर अग्रवाल एवं सभी ने आकर्षक सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मतदाधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक ने स्वीप फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वीप गार्डन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत अभी तक की गई विभिन्न गतिविधियों को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से फोटो प्रदर्शनी में दिखाया गया। फोटो प्रदर्शनी में स्वीप संगोष्ठी, मेहंदी, रंगोली, खेलकूद जैसे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश को प्रदर्शित किया गया।

# प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूर्णतः बनी हुई

- डोंगरगांव बीईओ को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि जिले की सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहलीं से आठवीं तक 1 से 8 अप्रैल तक वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठकों को खुला प्रश्नपत्र मिलने के संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल मामले को संज्ञान में लेते विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। संकुल समन्वयक एवं संकुल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों व शिक्षकों की उपस्थिति में मामले की समक्ष उपस्थिति में जांच की गई। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूर्णतः बनी हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित संकुल समन्वयक को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। जिले में पूर्व निर्धारित समय-सारणी अनुसार स्थानीय वार्षिक परीक्षा संपन्न की जाएगी।

# निगम आयुक्त ने जल, मोटर एवं विद्युत विभाग का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता मंगलवार को टांकाघर का आकस्मिक निरीक्षण कर जल, विद्युत एवं मोटर विभाग के प्रभारियों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मोटर विभाग के प्रभारी सुरेन्द्र साव से चालक, टैंकर तथा जेसीबी आदि के बारे में जानकारी ली।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि सभी कर्मचारी प्रातः जल्दी काम पर आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

उन्होंने जल विभाग सेवाराम व सोमनाथ से कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन, गंदे पानी आने, कम पानी आने आदि का यथासंभव जल्द निराकरण करें, आवश्यक सामाग्री का भंडारण रखे, ताकि ग्रीष्म ऋतु में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने विद्युत प्रभारी किशन गावरे से कहा कि कर्मचारी सुबह जल्दी वार्डों में जाकर लाईट मरम्मत करें तथा लाईट संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। आगामी नवरात्रि त्यौहार को ध्यान में रखते शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करें।

निरीक्षण के दौरान प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, उप अभियंता दीपक महला आदि उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्रों की बैठकें प्रारंभ

# मोदी के नेतृत्व में अभी बहुत कुछ करना बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे का चुनाव अभियान पार्टी की रणनीति के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। पहले चरण में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुए। मंडलों की बैठकें व कोर ग्रुप तथा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक होने के पश्चात अब भाजपा नेता शक्ति केंद्र की ओर रूख कर रहे हैं तथा शक्ति केंद्र स्तरीय बैठकों के लिए कार्ययोजना बनाकर बैठकें प्रारंभ कर चुके हैं।

नीलू शर्मा ने शक्ति केंद्रों की बैठकों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है। पार्टी के समक्ष आए चुनौतियों का मुकाबला बूथों व शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को ही करना होता है। हम देश के लिए जीने व मरने की कसम खाकर आगे बढ़ रहे हैं। श्री शर्मा ने मोदी के एक दशक के कार्यकाल को देश के एतिहास का स्वर्णिम युग बताते कहा की जिन विचारों व सिद्धांतों को लेकर भाजपा का जन्म हुआ, उसे पूरा करने का कार्य मोदी कर रहे हैं। इस दौरान कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, टीके चंदेल, राजेश श्यामकर, जागेश्वर साहू, नरोत्तम सिन्हा, खुमन, महेश यादव, परदेशी सोनबोईर, ललित चोपड़ा सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



#### भाजपा केडरबेस पार्टी

इसी क्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व लोकसभा चुनाव सह-संयोजक नीलू शर्मा ने डोंगरगढ़ व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिलई, भंडारपुर, बलदेवपुर, उदयपुर व पिपरिया शक्ति केंद्रों की बैठकों में शिरकत करते कहा कि भाजपा मासबेस पार्टी नहीं, बल्कि कैडर बेस पार्टी है। हम कार्यकर्ता पर आधारित दल हैं, हमारा कोई भी सामान्य सा कार्यकर्ता अपनी योग्यता, मेहनत व समर्पण के बल पर देश व पार्टी के शीर्ष पदों पर पहुंच सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर बैठे दर्जनों ऐसे नेता हैं, जो सामान्य परिवार से निकलकर आज देश, प्रदेश व पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा की यही खासियत उसे देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग रखती है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री शर्मा ने कहा की पार्टी नेतृत्व के प्रति हमारी आस्था, पार्टी नेतृत्व का निर्णय शिरोधार्य करना हमारे कार्यकर्ताओं की विशेषता है। पार्टी का जो भी निर्णय हम कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता है, उसे पूरा करने हम सब तन, मन, धन से जुट जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर पार्टी के लिए काम करता है। हम किसी व्यक्ति विशेष से जुड़े लोग नहीं हैं, हम पार्टी के विचारों, सिद्धांतों को अंगीकार करने भाजपा के सदस्य बने हैं और इस बात का हमें गर्व भी है।

# भूपेश के स्वागत में गांवों में छलका उत्साह, कांग्रेस ने बढ़ाया अन्नदाताओं का सम्मान

### किसानों के चेहरे में खुशहाली लाने हमेशा की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रों के गांवों का दौरा कर रहे हैं। भूपेश बघेल लगातार ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, जिन क्षेत्रों में उनकी सभाएं हो रही है, वहां ग्रामीणजन छत्तीसगढ़ माटी पुत्र को देखने उत्सुक नजर आते हैं। लोकसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के अंदर जिस तरह की सभा में आशीर्वाद मिल रहा है, उसे देखकर भूपेश बघेल कहते हैं कि छत्तीसगढ़ की माटी और परंपरा और संस्कृति मेरे रग-रग में है, किसानों की सेवा और अन्यदाताओं का छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान-सम्मान विदेशों तक जा पहुंचा है। यह छत्तीसगढ़ प्रदेश की माटी और उसकी सेवा का ही नतीजा है कि हम किसानों के चेहरों में खुशहाली लाने में कामयाब रहे।

सभा को संबोधित करते भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के पश्चात हर महिला को एक लाख रुपए की राशि प्रदान करेंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में हर काम करने वाले हाथ को 400 रुपए की राशि प्रति कार्य दिवस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव के माटी के मजदूर, किसान, युवा, माता-बहनों के चेहरों में खुशी अगर मिलती है तो निश्चित रूप से उन्हें लगता है कि राजनीति में जो सेवा के लिए संकल्प लिया है, वह पूरा करने की दिशा में छोटा सा कदम है और हम आगे बढ़ते चले जा रहा है।



#### गांवों में जोरदार स्वागत

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने तिलई,पद्मुतरा, खैरझिटी, डुमरडीह, कलडबरी, बरगाही, उपरवाह, मुड़पार, सलौनी, चारभाटा, बिरेझर, जराही, मोहंदी, बिजेतला, ईरईकला, ईरईखुर्द, मासूल, पटेवा, जुरलाखुर्द, भैंसातरा, सहसपुर, गोपालपुर आदि ग्रामों का दौरा किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, भागवत साहू, थानेश्वर पाटिला, अमीन खान, रतन यादव, दुर्गेश द्विवेदी आदि नेतागण और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### दिल्ली में गूंजेगी आपकी आवाज

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से उन्हें चुनकर अगर दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मजदूर, किसान, युवा और माता-बहनें भेजते हैं तो निश्चित रूप से उनका ऋण चुकाया जाएगा। देश में विपक्ष काम करने वालों को परेशान करने लगा है। वह नहीं चाहता कि जनता की सेवा करने वाले हाथ मजबूत हो, हमें लोकसभा में जीताकर दिल्ली भेजे। आपकी हर आवाज के साथ मेरी आवाज दिल्ली में गूंजेगी।

**आवेदकों को दिया जाएगा निःशुल्क कोचिंग : मोहला।** अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरा गया है, वह मूल शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव में 8 से 12 अप्रैल की अवधि में उपस्थित होकर सत्यापन करा सकते हैं। अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी से संबंधित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निःशुल्क कोचिंग प्रदाय किया जाएगा।

## सार समाचार

### समदा अस्पताल में 10 को निःशुल्क परामर्श शिविर

**राजनांदगांव।** बसंतपुर स्टेडियम रोड राजनांदगांव स्थित समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में आगामी 10 अप्रैल को निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जिनेश जैन द्वारा दिल की बीमारियों एवं लक्षण जैसे सीने में दर्द, बेचैनी, उच्च रक्तचाप, चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई, थकान होना पैरों या भुजाओं में शून्यपन जैसे संबंधित समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आने वाले लोगों को निःशुल्क इसीजी के साथ इको में 20 प्रतिशत की आर्थिक छूट की सुविधा भी प्रदाय की जाएगी। सभी संबंधित मरीज एवं हृदय रोग की समस्या का सामना कर रहे लोगों से आग्रह है कि इस निःशुल्क परामर्श शिविर का लाभ उठाएं।

### अवैध प्लाटिंग पर दिखावे की कार्रवाई : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय



मिश्रा ने शहर में अवैध प्लाटिंग और उस पर नगर निगम आयुक्त के रवैये पर सवाल उठाते जारी बयान में कहा कि शहर सीमा अंतर्गत धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का कार्य चल रहा है, जिस पर रह-रहकर आयुक्त कार्रवाई करते हैं। कार्रवाई को लेकर और उनकी मंशा पर सवाल पूछना लाजमी है कि आखिर सिर्फ चिन्हांकित जगहों पर यदा-कदा बुलडोजर ले जाकर नाली तोड़ते हैं, मुरूम रोड उखाड़कर बोर्ड लगा दिया जाता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि जिस स्थल पर अवैध प्लाटिंग के नाम पर निगम का अमला जब जाता है, उसके अगल-बगल-आजू-बाजू झांकने की भी हिम्मत नहीं करता, जहां नजर घुमाओ वहां ही अवैध प्लाटिंग दिखाई पड़ती है। इस स्थिति में और बताया गया है कि नोटिस भी दिया जाता है, फिर भी अवैध प्लाटिंग रूकने का नाम नहीं ले रही है। जिससे यह सवाल उठता है कि कार्रवाई क्या केवल वसूली का दबाव बनाने की जा रही है?

### छग के शिक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने गत दिनों पं. बंगाल के बोलपुर में



गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा निर्मित शांति निकेतन विश्व भारती युनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया। शिक्षकों ने यहां टैगोर भवन, कला मंच, रविंद्र भारती म्यूजियम, विश्व भारती युनिवर्सिटी, अमर कुटीर, सोनाझूरी हाट आदि स्थानों का शैक्षिक भ्रमण किया।

शैक्षणिक भ्रमण में धनेश सिन्हा, कौशलराम चंद्रवंशी, बसंत यादव, रोमलाल चंद्राकर, दिनेश वाल्दे, खलेश्वर मंडावी, नरोत्तम उर्वाशा, मोहनलाल बोगा, हेमराज सहारे, अरुण साहू शामिल हुए।

### पेंशनरों की संयुक्त बैठक 8 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय संयुक्त बैठक आगामी 8 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे पेंशनर भवन प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में राजनांदगांव, दुर्ग एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले के पेंशनर शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे दी।

### मंदराजी की जयंती मनी

**राजनांदगांव।** कन्हारपुरी में छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा



पुरूष दाऊ मंदराजी की जयंती एक अप्रैल को धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह कार्यक्रम तीन सत्रों में देर रात तथा दूसरे दिन की सुबह तक चला। इस अवसर पर जांजगीर के लोक कलाकारों हेमलाल निर्मोही ने मंदराजी दाऊ जी के समय का नाचा में उपयोग किए जाने वाले चिकारा वाद्य वादन कर लोगों को आनंदित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर हेमा देशमुख जयंती की शुभकामनाएं देते दाऊ के साथ नाचा में कलाकार रही सुप्रसिद्ध लोक गायिका जयंती यादव व उनके लोक गायिका अनुराधा यादव का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान जयंती यादव व अनुराधा ने एक से बढ़कर छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कन्हारपुरी के सात वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान आत्माराम कोशा, डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, दाऊ चतुर सिंह बजरंग, महादेव हिरवानी, फगवाराम यादव, मनहरण साहू, प्रेमलाल साव, छन्नू नत्थन, माधो चंद्राकर, भूषण नेताम, चैता डेहरिया, सीताराम श्रीवास, धन्नू श्रीवास, युवराज भारती, डॉ. नरेंद्र बजरंग, राजकुमार साहू, प्रकाश बजरंग, खेमचंद हिरवानी, भोला निर्मलकर, चोवा साहू, दुर्गा केकती आदि शामिल थे। उक्त जानकारी पवन यादव ने दी।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा का आयोजन 7 को

**राजनांदगांव।** देश की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सवित्रीबाई फुले का पुण्य स्मरण करते उनके शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए अतुलनीय प्रयास को चीर स्थाई बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने व देश और प्रदेश को शत-प्रतिशत शिक्षित बनाने की योजना के तहत सवित्रीबाई फुले की जीवन गाथा को लेकर सामान्य ज्ञान स्पर्धा आयोजित की जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी, विशेषकर महिलाएं उनसे प्रेरणा ले सके और खुद को एक अच्छे मुकाम को स्थापित कर सके। आगामी 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे दिग्विजय कॉलेज में यह सामान्य ज्ञान स्पर्धा आयोजित की जानी है। जिसमें 14 से 35 वर्ष के आयु वर्ग के लोग हिस्सा लेने डॉ. अम्बेडकर यूथ फाउंडेशन आह्वान करती है।

## गर्मी में राहगीर पानी पाऊच के भरोसे

# लाखों का वाटर एटीएम बना कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर लगभग आधा दर्जन वाटर एटीएम लाखों रुपए खर्च कर लगवाए थे, जो अब कबाड़ के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। देखरेख के अभाव में ये वाटर एटीएम बंद पड़े हैं।

ज्ञात हो कि लगभग 7-8 वर्ष पूर्व नगर निगम क्षेत्र में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध्य कराने की मंशा से काफी तामझाम के साथ नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर वाटर एटीएम लगवाए गए थे। प्रारंभिक कुछ दिन वाटर एटीएम से लोगों ने ठंडा पानी से प्यास भी बुझाई, लेकिन देखरेख के अभाव में ये वाटर एटीएम अब कबाड़ के रूप में तब्दील होने लगे हैं। जिसकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




#### प्याऊ घर भी नहीं खुल पाए

पूर्व में शहर के समाजसेवियों द्वारा नेशनल हाईवे से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर आम लोगों के लिए एवं राहगीरों को राहत देने के लिए समाजसेवकों द्वारा प्याऊ घर भी खुलवाए जाते थे। जिससे काफी तक लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध हो जाया करता था, लेकिन इन दिनों अस्थाई सार्वजनिक प्याऊ घर भी नहीं खुल पाए हैं। भीषण गर्मी में आम लोगों को रास्ते में पानी पाऊच, पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

#### वाटर एटीएम की दयनीय दशा

बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में वाटर एटीएम लखोली, नवागांव, नगर निगम परिसर, पुराना अस्पताल परिसर बसंतपुर, चौपाटी, नया बस स्टैंड, जिला कार्यालय में लगवाए गए थे, जहां से खासकर गर्मी के दिनों में लोगों को ठंडा पानी पीने के लिए मिल जाया करता था। अब लाखों रुपए के उक्त मशीन की दयनीय दशा देखते ही बनती है। ना ही उक्त मशीन का मरम्मत हो पा रहा है और ना ही आसपास साफ-सफाई। उक्त क्षेत्रों में लोगों को पानी के लिए हलाकान होते देखा जाने लगा है।

## 7 को कृति की वाणी दूरदर्शन में गूंजेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी के संस्कारित परिवार की बेटी कृति बख्शी गायन के क्षेत्र में छोटी उम्र में बड़ा इतिहास लिखने जा रही है। विकास-रचना बख्शी की



सुपुत्री एवं स्व. हनुमंत लाल बख्शी की प्रपौत्री तथा पवन कुमार सावित्रीदेवी की पौत्री कृति को गायन के क्षेत्र के महारथी लोगों ने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कहने से परहेज नहीं किया है।

7 अप्रैल को कृति की मधुर वाणी रायपुर दूरदर्शन में शाम 6 बजे गीतों को स्वरबद्ध करती दिखाई पड़ेगी। कौरिनभाठा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एमआईजी-7 निवासी कृति बख्शी ने महज 19 वर्ष की उम्र में गायन जैसी कठिन विधा को साधकर संस्कारधानी को गौरवान्वित किया है। अब 7 अप्रैल को रायपुर दूरदर्शन में शाम 6 बजे अपनी गायकी का प्रदर्शन करने आमंत्रित की गई है।

# गांजा, अवैध शराब पर नकेल कसने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने क्राईम मीटिंग लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अवैध रूप से शराब, गांजा बिक्री, तस्करी मामले में कड़ाई से कार्रवाई करें। आगामी लोकसभा चुनाव को सभी राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना व चौकी प्रभारियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा क्राईम मीटिंग ली गई। जिसमें जिले के राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में कानून व्यवस्था अगामी लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। स्थाई वारंटियों की तामिली एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी अजाक तनुप्रिया ठाकुर व जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

#### असामाजिक गतिविधियों पर लगाए अंकुश



#### बार्डर सीलिंग की करें कार्रवाई

अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, अवैध शराब व नशीले पदार्थ व गांजा, ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगाने हेतु बार्डर सीलिंग कार्रवाई करने व आरोपियों की धरपकड़ तेज करने, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश हिस्ट्रीशीटर पर अंकुश लगाने तथा बदमाशों का गुंडा, निगरानी फाईल खोलने और जिला बदर की कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। संदिग्ध लोगों की पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने कहा गया। साम्प्रदायिक मामलों पर सभी सामाजिक संगठनों पर नजर बनाए रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग करने व संवेदनशील मामलों की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी दो की मौत, घायलों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अमरावती से भिलाई की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज 5 अप्रैल को थाना बागनदी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने मारुति 800 के चालक पद्माकर देशमुख अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अमरावती से भिलाई जा रहे थे। इस दौरान सड़क चिरचारी फॉरेस्ट डिपो के सामने दोपहर करीबन डेढ़ बजे चालक को झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। वाहन पलटने से वाहन चला रहे पद्माकर देशमुख की मौके पर



ही मृत्यु हो गई और कार में बैठे 3 महिला एवं 3 बच्चे घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी छुरिया लेकर गए थे, जहां उपचार के दौरान श्रीमती अमोल देशमुख की मृत्यु हो गई तथा श्रीमती वैशाली देशमुख, अंजली देशमुख, कुमारी डाली देशमुख, कु. आरोही देशमुख और रुधेश देशमुख को प्राथमिक उपचार बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। मृतकों की परिजनों को सूचना दी गई है।

# छग टैक्स बार कौंसिल की वार्षिक सभा सम्पन्न

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार कौंसिल का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन बिलासपुर में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, जगदलपुर, अम्बिकापुर, जांजगीर चांपा बार एसोसिएशन से अधिवक्ता कर सलाहकार एवं सीए शामिल हुए।




अधिवेशन में विगत दो वर्षों का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। जीएसटी की विसंगतियों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ मूल्य सवंर्धितकर की सरल समाधान योजना के तिथि बढ़ाने प्रस्ताव पारित किया गया। वार्षिक अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के समस्त बार के सदस्यगण जिनकी इस क्षेत्र में प्रेक्टिस 20 वर्ष या 20 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके है, को कौंसिल द्वारा सफल परामर्शदाता एवं सक्रिय अभिभाषक के रूप में विक्रयकर, वाणिज्यिककर एवं मूल्य सवंर्धित कर अधिनियम, जीएसटी की निष्पक्ष मीमांसा तथा गत दो दशकों की अवधि में संगठन के सतत मार्गदर्शन एवं सदस्यों के ज्ञानवर्धन में स्तुत्य योगदान के लिए राजनांदगांव टैक्स बार से अधिवक्ता अशोक साहू, शेख सीमाभ कुरैशी को अभिनंदन पत्र एवं 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सदस्यों बृजकिशोर सुरजन, विनोद सदानी, सुरेश गांधी, महेश कुमार शर्मा, जिनेश जैन, प्रकाश सांखला, सुरेश एच. लाल, रमेश सोनछत्रा, व्ही आर वासुदेवन, रामचंद राठी, सुगनचंद सांखला, महादेव सिंह ठाकुर का शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ टैक्स बार कौंसिल का वार्षिक अधिवेशन पश्चात आगामी सत्र के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें दुर्ग से अखिलेश मिश्रा अध्यक्ष, रायपुर से शिवकुमार सोनी महासचिव एवं राजनांदगांव से अधिवक्ता भागवत साहू उपाध्यक्ष, मनमोहन साहू सचिव, अशोक साहू प्रचार सचिव निर्विरोध चुने गए।

टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के अध्यक्ष कमल किशोर साहू व सचिव सुमित चौरसिया के नेतृत्व में बिलासपुर अधिवेशन में अधिवक्ता प्रकाश सांखला, महेश प्रसाद शर्मा, भागवत साहू, मनमोहन साहू, हिरेन्द्र देवांगन, अशोक साहू यशवंत देशमुख, ढालसिंह साहू, लोकेश अग्रवाल, येनेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सीए शामिल हुए। उक्त जानकारी टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के अध्यक्ष कमलकिशोर साहू ने दी।

# चलती बोलोरो में लगी आग

- राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में आमगांव-अछोली के बीच धूं-धूं कर जलने लगी फोर व्हीलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे में आमगांव-अछोली के बीच आज दोपहर बाद हाईवे में सरपट दौड़ रही एक बोलोरो वाहन में अचानक आग लग गई। इस घटना में गाड़ी में सवार कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। अफरा-तफरी के बीच आग में काबू पाया गया

मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर बाद राजनांदगांव से अंबागढ़ चौकी की ओर हाईवे में चल रही बोलोरो वाहन में आमगांव और अछोली के बीच अचानक आग लग गई। अफरा-तफरी के बीच गाड़ी में सवार लोग गाड़ी से कूद फांदकर बाहर निकले। हाईवे में धूं-धूं कर जल रही बोलोरो क्रमांक cg08 w15 89 में लगी आग को ले देकर काबू पाया गया, तब तक गाड़ी का सामने हिस्सा जल के खाक हो गया। हादसा शार्ट-सर्किट के चलते होना बताया गया।



## चौकी इंटकवेल में लगाया गया 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

**मोहला।** छत्तीसगढ़ का पहला आर्सेनिक पीड़ित गांव कौड़ीकसा सहित अंबागढ़ चौकी के साथ ही आसपास के 24 गांव में चौकी स्थित इंटकवेल से जल आपूर्ति किया जाता है। पूर्व में स्थापित 100 केवीए ट्रांसफार्मर से हो रही समस्या को देखते उसे बदलकर आज बाजार चौक चौकी में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। नया 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से आवश्यकतानुसार वोल्टेज कम या बढ़ाया जा सकता है। इससे अब लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। निरंतर प्लांट चालू होने के साथ ही सभी ग्रामों में सतत पेयजल आपूर्ति होगी।

## भाजपा का स्थापना दिवस आज


**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी का कल 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। पार्टी के लोकसभा चुनाव संयोजक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, उपाध्यक्ष आभा तिवारी व सावन वर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आयोजन कल 6 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय जीई रोड में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा तथा अग्रज कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन होगा। पार्टी की ओर से पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों तक स्थापना दिवस मनाए जाने का आह्वान किया गया है।












मतदान दलों की रवानगी के दिनों मे मंडी परिसर में पर्याप्त छांव, पेयजल, गर्मी के बचाव के दिए निर्देश

# जिले के स्ट्रांग रूम में लगे सुरक्षा व्यवस्था कार्य का कलेक्टर, एसपी ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ आज नवीन कृषि उपज मंडी तालपुर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदान दलों की रवानगी और वापसी की तैयारियों सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया।

कलेक्टर श्री महोबे ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और मतदान दलों की रवानगी के दिनों में मंडी परिसर में पर्याप्त छांव, पेयजल, गर्मी के बचाव के लिए अन्य आवश्यक संसाधन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होने एसपी के साथ लोकसभा निर्वाचन के लिए पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतदान दलों की रवानगी के लिए बीस-बीस कांउटर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होने कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए है।

उन्होने स्ट्रांग रूम के सामने निरीक्षण करते हुए करते हुए निरीक्षण पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम अशीष टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें। श्री महोबे ने जिले के दोनो विधानसभा-पंडरिया और कवर्धा के लिए बनाएं गए मतदान सामग्री वितरण काउंटर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव 26 अप्रैल शुक्रवार को होगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में कुलर, पंखे, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्रियों का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाया गया है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया।

## दोनों विधानसभा में 805 मतदान केन्द्रों की व्यवस्था की : कलेक्टर



जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224 है। इसमें 3 लाख 25 हजार 244 पुरूष मतदाता, 3 लाख 27 हजार 978 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 हजार 517 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 668 और 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता की संख्या 23 हजार 637 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008 है। सर्विस मतदाताओं की संख्या 136 है। 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है। जिले में 20 महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इसमें 10 पंडरिया और 10 कवर्धा विधानसभा के लिए होंगे। इसी प्रकार दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र 02, युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र की संख्या 10 होगी।

# केमिकल से पकाए जा रहे फल गले में खराश की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ बरबसपुर



शहर सहित अंचल के हॉट बाजार व गली मोहल्ले में मौसमी फल सेवा, संतरा, केला व अंगूर केमिकल डालकर पकाया जा रहा है जिस कारण मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा ह। जिसे लोगों के गले में खराश व अन्य समस्याएं सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हॉट बाजार व गली मोहल्ले व चौंक चौराहों में बड़ी मात्रा में अंगूर सहित अन्य फल पहुंचने लगे हैं। वहीं अंगूर की 60 से 80 रुपए प्रति किलो की दर से बिक्री हो रही है। लेकिन अंगूरों को खाने के बाद गले में खराश की शिकायतें मिल रही है। बाजार में खरीदे जाने वाले हरे व मिठें अंगूर को सामान्य रूप से धोने के बाद खाने के बाद भी गले में खराश की लगातार शिकायत आ रही है। विशेषज्ञों की माने तो अंगूरों को पकाने के लिए केमिकल का ज्यादा उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण सामान्य रूप से धोने के बाद भी केमिकल नहीं निकलता है, जिससे गले में खराश रखती है।

### बाजार में केमिकल युक्त फल

जानकारों ने बताया कि अंगूर खरीदे तो गर्म पानी में नमक डालकर कुछ देर छोड़ दें। जिससे 10 से 15 मिनट में अंगूर का केमिकल निकल जाता है और पानी में कालापन आता है। दूसरी ओर केले भी केमिकल से ही पकाए जा रहे हैं। अभी बाजार में पीला केला की जगह हरा केला बिक रहा है। जो कि बाहर से कच्चा दिखाई देता है लेकिन अंदर पका रहता है, यह भी केमिकल का ही कमाल है। बताया जाता है कि कच्चे केले के गुच्छे को ही केमिकल पानी में एक बार डूबा कर निकालते हैं और खुले में रख देते हैं। कुछ घंटे में यह केला हरा से पीला हो जाता है।

## एमपी, छत्तीसगढ़ के सीएम सभा को करेंगे संबोधित




**हरिभूमि कवर्धा।** लोकसभा चुनाव के लिए नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कवर्धा में सभा रखी थी। लेकिन शुक्रवार की शाम उनका दौरा अपरिहार्य कार्य से स्थगित होने की सूचना आ गई। अब श्री शाह की जगह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दोपहर 11 बजे कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में लोकसभा सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में जनसभा को करेंगे संबोधित। यहां बताना लाजमी होगा कि लोकसभा चुनाव की बिगुल बजने के बाद सभी दल के नेता चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। वही राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कवर्धा विधानसभा में देश के गृह मंत्री अमित शाह कवर्धा पहुंचने वाले थे। कवर्धा में सरदार पटेल मैदान में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजनों की आने की उम्मीद जताई जा रही थी। गृह मंत्री अमित शाह बड़ी चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। सभा की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम स्थल का किया था निरीक्षण। इन नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए थे।

## खबर संक्षेप

### अंडर-19 एलिट ग्रुप एनसीए कैम्प में सूर्यकांत का चयन

**कवर्धा।** कवर्धा जिला क्रिकेट संघ कवर्धा के सूर्यकांत तिवारी का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) कैम्प के लिए हुआ है। सूर्यकांत तिवारी का चयन पिछले महीने देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित कूच विहार ट्रॉफी में खेल प्रदर्शन के आधार पर हुआ है, जो 26 अप्रैल से 22 मई तक कैम्प में शामिल होंगे। सूर्यकांत मीडियम पेस बॉलर के साथ-साथ आलराउंडर खिलाड़ी है। सूर्यकांत अंडर-19 के एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। छत्तीसगढ़ से केवल 6 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन एनसीए के लिए किया गया है। सूर्यकांत की इस उपलब्धि की जिला क्रिकेट संघ कवर्धा के अध्यक्ष आनंद सिंह, सचिव बलबीर खनूजा सहित जिले के खिलाड़ियों ने बधाई व सराहना की।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

# लोकसभा के बाद नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव, थमेंगे विकास के पहिए

## जून से अक्टूबर तक मिलेगी कार्यों को रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏩ बरसबपुर

प्रदेश में वर्ष 2024 का आधा समय चुनाव में बीतने वाला है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के बाद दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होंगे। इसके चलते अक्टूबर में आचार संहिता लागू हो सकती। इससे सरकार को काम करने का अवसर कम मिलेगा। इसका सीधा असर विकास के कामों पर पड़ेगा। हालांकि प्रमुख कामों की अनुमति सरकार आचार संहिता के लगने पहले ही ले लेगी। इसका बड़ा उदाहरण महतारी वंदन योजना है। इस योजना को आचार संहिता से पहले मंजूरी मिली थी और यह आचार संहिता लगने के बाद भी लागू है। देश में लोकसभा चुनाव अलग-अलग चरणों में हो रहे हैं। इसके नतीजे 4 जून को आएंगे। यानी करीब ढ़ाई महीने तक चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी। इस बीच केंद्र या राज्य सरकार कोई भी नए कार्यों की घोषणा नहीं कर सकेगी। इसके बाद छत्तीसगढ़ में 10 नगर निगम, 38 नगर पालिका और 103 नगर पंचायतों के चुनाव होंगे। चुनाव से करीब 45 दिन पहले इसके लिए भी आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में सरकार को सिर्फ जून से अक्टूबर के बीच ही विकास कार्य करने के लिए समय मिलेगा। इसके बाद सारी सरकारी प्रक्रिया आचार संहिता के दायरे में फंस जाएंगी।

### 95 दिन ही काम करने का मिला मौका

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद बहुमत से भाजपा की सरकार बनी। विष्णुदेव साय ने 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दो डिप्टी सीएम के तौर पर विजय शर्मा और अरुण साव ने भी शपथ ली थी। इस बीच सरकार को काम करने के लिए 95 दिन का ही समय मिली। क्योंकि 16 मार्च से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई थी।

### 2025 में होंगे ग्राम पंचायत चुनाव

लोकसभा और नगरीय निकाय के चुनाव होने के बाद वर्ष 2025 में त्रि-स्तरीय पंचायतों के चुनाव होंगे। यह चुनाव मई-जून के बीच होगा। इसमें जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंच के चुनाव होंगे। इस दौरान भी राज्य निर्वाचन आयोग आचार संहिता का डंड़ा चलाएगा। जिन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू होगी वहां पर सरकारी योजनाओं को गति नहीं मिल पाएगी।

### यह काम रहेंगे जारी

आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो चुके विकास कार्य जारी रहेंगे। इनमें सड़कों की मरम्मत या नई सड़क बनने का काम जारी रहेगा। जमीन की खरीदी-बिक्री और रजिस्ट्री की प्रक्रिया जारी रहेगी। राशन का वितरण पूर्व की तरह चलते रहेगा। स्कूलों में मध्याह्न भोजन का वितरण होगा।

### इन कामों पर बड़ा असर

आचार संहिता में विकास के कोई नए कामों को मंजूरी नहीं मिल सकती है। सरकार कोई बड़ी और नई घोषणा नहीं कर सकती है। सांसद निधि, विधायक निधि अथवा जन प्रतिनिधियों के कोष से होने वाले काम रोक दिए जाएंगे। कोई भी जनप्रतिनिधि किसी के लिए आर्थिक सहायता या नए निर्माण के कामों को मंजूर नहीं करेगा। शासकीय कर्मचारियों के लिए भी कई तरह से बंदिश लग जाती है। कोई भी जनप्रतिनिधि सरकारी गेस्ट हाउस का उपयोग नहीं कर सकता।

# गुम 115 नग फोन की पता तलाश कर मोबाइल स्वामी को वापस लौटाया

- मोबाईल वितरण के साथ दिया गया सायबर सुरक्षा की टीप्स।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव नें गुम मोबाईल के आवेदनों का निराकरण किया वही गुम मोबाईलों की पतासाजी कर उनके वास्तविक वाहन स्वामी को वापस कराये जाने प्रयास करने निर्देशित किया। जिसमे जिला सायबर सेल द्वारा लंबित गुम मोबाईल के आवेदन तथा सीआईईआर पोर्टल से प्राप्त आवेदनों में से वर्तमान में कुल 115 नग विभिन्न कंपनियों के एंड्राईड मोबाईल फोन कीमती करीबन 17 लाख रूपये को जिला एवं आसपास के क्षेत्रों से बरामद किया गया।

उक्त प्राप्त मोबाईलों को उनके वास्तविक स्वामी को दिये जाने तथा वर्तमान परिवेश में हो रहे सायबर अपराधों से बचाव से आमजनों को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक महत्तवपूर्ण सुझाव दिये जाने 05 अप्रैल 2024 को पीजी कॉलेज कवर्धा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त आयोजन में आमजन तथा मोबाईल स्वामी उपस्थित हुए कार्यक्रम के आयोजन में विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा आमजनों को सोशल मीडिया के उपयोग के तरीके तथा सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में जानकारी दिया गया।

उन्हें वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए, सुरक्षित रहने की जानकारी दिया गया। वही बाद में आमजनों को बताया गया कि निकट भविष्य में मोबाईल गुम हो जाने पर सीआईईआर पोर्टल पर जाकर मोबाईल के संबंध में आवश्यक अपलोड कर मोबाइल गुम की घर बैठे रिपोर्ट कर सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिनकी मोबाईल वर्तमान में प्राप्त नहीं हुई है, उनकी पतासाजी जारी है।

मिलने पर फिर से इसी प्रकार का आयोजन किया जायेगा। गुम मोबाईल की पतासाजी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग-निर्देशन पर निरीक्षक आशीष कंसारी प्रभारी सायबर सेल एवं सायबर टीम की महत्तवपूर्ण भुमिका रही है।गजेंद्र योगी उपस्थित थें।

## तीन मंजिला कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के स/लोहारा थाना अंतर्गत ग्राम बिरोड़ा में बुधवार देर रात करीब 2 बजे तीन मंजिला साहू किराना व कपड़ा दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। वहीं आग पूरे बिल्डिंग में फैल गई। आग की लपटें खिड़की का कांच तोड़कर जब बाहर निकलने लगीं, तब राहगीरों ने देखा और दुकान पर लगे बोर्ड के मोबाइल नंबर पर फोन कर आगजनी की सूचना दी। दुकान मालिक को दी गई तब तक आग की लपटें ऊपर से नीचे तक फैल चुकी थी। आग इतनी भयानक हो चुकी थी कि किसी ने पास जाने की हिम्मत नहीं जुटाई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान में रखे लाखों के कपड़े, किराना समेत सभी सामान जलकर खाक हो चुके थे।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी चौकी रणवीरपुर पुलिस के गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏩ रणवीरपुर

थाना चौंकी रणवीरपुर पुलिस टीम नें आबकारी एक्ट एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों पर चौकी रणवीपुर थाना लोहारा पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही। जिस पर चौंकी रणवीरपुर पुलिस नें अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे आरोपी को रंगे हाथो धर दबोचा।

जिसमें आरोपी चंद्रपाल भारती पिता जुगुल भारती आयु 38 वर्ष के कब्जे 30 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 27 सौ रूपए को जप्तकर गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 ;2द्ध के तहत विधिवत कार्यवाही कर भेजा गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना चौंकी प्रभारी को अपराध व अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने व कार्यवाही करने आवश्यक निर्देश दिए। जिस पर चौंकी रणवीरपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्र मे लगातार अवैध शराबए जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम मे मुखबिर से सूचना मिली की शुक्रवार को पुल के पास ग्राम मगरवाह मे घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिया व नाम के आरोपी चंद्रपाल भारती पिता जुगुल भारती आयु 38 वर्ष निवासी मगरवाह थाना चौंकी रणवीरपुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 00६24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 ;2द्ध के तहत विधिवत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

शर्तों के साथ भोरमदेव महोत्सव के आयोजन की मिली अनुमति, 6 व 7 अप्रैल को महोत्सव

# कलेक्टर व एसपी ने भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजन की तैयारियों के संबंध महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार सहिता लागू होने की वजह से शर्तों के साथ वर्ष 2024 का भोरमदेव महोत्व का आयोजन करने की अनुमति मिली है। अनुमति के संबंध में शुक्रवार देर शाम इस आशय की चिठ्ठी मिली है। दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का आयोजन 6 व 7 अप्रैल को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन के लिए लागू आदर्श आचार संहिता को विशेष ध्यान में रखते हुए शर्तों को सख्ती से पालन करते हुए महोत्सव-मेला के सभी आवश्यक तैयारियां शुरू करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश किया है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव महोत्व के आयोजन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने आयोजन की तैयारी के संबंध में गुरुवार को भोरमदेव मंदिर परिसर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक भी ली और महोत्सव तथा मेला स्थल का अवलोकन भी किया था।

वही शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग से शर्तों के साथ भोरमदेव महोत्सव आयोजन करने की अनुमति मिलने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने कलेक्ट्रोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुरातात्विक, धार्मिक एवं पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर के नाम से आयोजित होने वाले भोरमदेव महोत्सव के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर श्री महोबे ने भोरमदेव महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के लिए मेला स्थल, मंदिर परिसर, उद्यान और प्राचीन सरोवर स्थल का निरीक्षण किया और विशेष साफ-सफाई के साथ प्राचीन सरोवर के आसपास के दिवारों में भी रंगरोगन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर के अलावा प्राचीन एवं पुरातत्व मंदिर छेरकी मंदिर और मढ़वा महल को भी विशेष साज-सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा गठित आयोजन समिति के अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लागू आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन एवं शर्तो का पालन करते हुए महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महोत्सव एवं मेला स्थल पर मुख्य मंच के सामने मैदान समतलीकरण सहित पार्किग, यातायात, बिजली, पानी, फायर बिग्रेड, एंबुलेंस, कंट्रोल रूम, बेरिकेट्स सहित सभी तैयारियां के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंच के पीछे नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया और वहां के चेंजिग रूम एवं शौचालय का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भोरमदेव मेला 2024 का दो दिवसीय आयोजन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौपें है। कानून, सुरक्षा, बस स्टैंण्ड पर मार्गदर्शक लगाना, यातायात, पार्किंग, पेट्रोलिंग, मोबाईल पार्टी और सत्कार व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर मंच व बैरिकेट्स निर्माण तथा वन विश्राम गृह में सत्कार व्यवस्था की जिम्मेदारी वनमण्डलाधिकारी को दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ, अतिरिक्त कलेक्टर, एसडीएम कवर्धा, बोड़ला को संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी एवं सह प्रभारी होंगे।

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कवर्धा आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

# चुनावी सभा नितिन नबीन ने कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियों का लिया जायजा

- छत्तीसगढ़ के 11 के 11 लोकसभा पर खिलेगा कमल नितिन नबीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आगामी आम चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में समर्थन मांगने शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रातः 11 बजे सरदार पटेल मैदान कवर्धा में लोकसभा सांसद प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे है। 25 हजार से अधिक लोगो के सभा के दृष्टिकोण से तैयारियां किया जा रहा है।

इसी कड़ी में चुनावी सभा के तैयारियों का जायजा लेने छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव प्रभारी नितिन नबीन कवर्धा पहुंचे। उन्होंने सरदार पटेल मैदान सभा स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, वही उनके आगमन से उत्साहित भाजपा के कार्यकर्ताओं से बाईक रैली निकालकर अगवानी किया।

जिसमें सिंग्नल चौक में भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने भव्य बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। चुनाव प्रभारी नितिन नबीन ने लोकसभा के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा के कोर कमेटी एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ वन-टू-वन बैठककर सभा व आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान सभा स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ लोकसभा भाजपा प्रभारी नितिन नबीन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का चुनाव के दृष्टिकोण से आगमन शुरू हो चुका है प्रधानमंत्री मोदी भी छत्तीसगढ़ आने वाले है इससे आम चुनाव में भाजपा के पक्ष में और ज्यादा प्रभाव बनेगा।

उन्होंने कहा सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर 370 हटाने तक के अनेक बड़े फैशले में गृह मंत्री की कुशल रणनीति देश ने देखा है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने में भी गृहमंत्री की रणनीति सफल रही है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में कवर्धा जिला मुख्यालय में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साहित है।

इस दौरान नितिन नबीन के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व विधायक शिव रत्न शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक साहू, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, लोकसभा सह प्रभारी नीलू शर्मा, महामंत्री द्वय संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, विक्रांत सिंह जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित बड़ी संख्या में भापजा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व आसपास क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



#### कांग्रेस के घोषणा के संबंध में टिप्पणी कर साधा निशाना

छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव प्रभारी नितिन नबीन नें कांग्रेस के घोषणा के सबंध में टिप्पणी करते हुए कहा कांग्रेस ने तो पिछले विधानसभा में 36 वादे किए थे पूरे कितने हुए, जिन वादों में गंगा जल का कसम खाया वो भी पूरे नही कर सकें। ऐसे वादे जो पूरे नही होते फिर वो केवल कागज का टुकड़ा हो जाता है, हमने मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में अपने वादे क्रमशः पूरे कर रहे है जो जनता तक जा रहा है। कांग्रेस के वादे पर न उनके कार्यकर्ताओं को भरोसा है और न ही जनता को अब देश मे केवल एक ही गारंटी है और वो है मोदी की गारंटी जिस पर पूरा देश भरोसा करता है। उन्होंने कहा हमारे लिए पूरे 90 के 90 विधानसभा व 11 लोकसभा महत्वपूर्ण है सभी 11 के 11 लोकसभा सीटों पर कमल खिलने जा रहा हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सभा को लेकर तैयारीयों का जायजा लेने पहुंचे थें, सरदार पटेल मैदान।

# राजनांदगांव लोकसभा सीट में कांग्रेस व भाजपा का प्रतिष्ठा दांव पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट में से एक राजनांदगांव ऐसा सीट है जो आज सबकी नजर में एक हॉट सीट बन चुका है, भाजपा व कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों का प्रतिष्ठा दांव में लगा हुआ है। दोनों पार्टी अपना जोर शोर से दमखम दिखा रहें है, लगातार बैठक व डोर-टू-डोर ग्रामीणों परिचर्चा तथा दौरा किया जा रहा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार-प्रसार व जनसंपर्क किया जा रहा है, वहीं गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहें है। राजनांदगांव सीट से भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी के प्रतिष्ठा दांव में लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल तो दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय द्वारा आज सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है, जुबानी जंगो के साथ एक-दूसरे भूपेश बघेल अपनी पांच वर्ष कार्यकाल मुख्यमंत्री को जनता के बीच सीधे जाकर विस्तृत जानकारियों दी जा रही है वहीं दूसरी ओर संतोष पांडेय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के बारे में जनता के बीच जाकर रख रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टी का प्रतिष्ठा दांव में लगा हुआ है। यह तो आने वाले समय में पता चलेगा क्या पांच वर्ष भूपेश बघेल के कार्य से जनता खुश है या नरेंद्र मोदी की गारंटी से जनता खुश है। इस राजनांदगांव लोकसभा मैदान में संघर्ष करते भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सोमनापुर में छात्राओं नें निकाली मतदाता जन जागरूकता रैली

**पंडरिया।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोमनापुर नया में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं, महिला, पुरुष और नए मतदाताओं ने हिस्सा लिया और शत प्रतिशत मतदान हम सब का अभियान का संकल्प लिया। शिक्षक महेश जायसवाल के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने घर घर जाकर मतदाताओं को विशेष रूप से नए मतदाताओं को मतदान के महत्व व शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

### निर्वाचनः वोटर टर्न आउट एप लॉन्च किया

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोजन ने वोटर टर्न आउट एप लॉन्च किया है। इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीन चरणों में वोटर टर्न आउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है। इसी प्रकार नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप भी है। इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकॉर्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है।

# कुण्डा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा आयोजित

- कथा सुनने उमड़ी रही आसपास क्षेत्र के भक्तनों व श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत धर्म नगरी कुण्डा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का रसपान 108श्री रामानंदचार्य धीरेंद्रचार्य महाराज हनुमंत द्वार चित्रकोट उत्तर प्रदेश द्वारा भव्य श्रीलक्ष्मी नारायण व श्रीराम कथा ग्रामीणों व आसपास क्षेत्रवासियों को प्रभात मंडली द्वारा भजन-कीर्तन कराया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामवासी व क्षेत्रवासी तथा अलग-अलग जन प्रतिनिधियों द्वारा फूल-माला से चित्रकोट हनुमंत द्वार से श्री श्री 108श्री धीरेंद्रचार्य महराज का सम्मानित किया गया। श्रीलक्ष्मी नारायण व श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस श्रीराम कथा का रसपान कराया एवं गीत-संगीत में सभी मंत्र मुक्त हुए। वहीं सभी भक्तजन व श्रद्धालुओं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है। वहीं कुण्डा सहित आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।



# स्कूल व कॉलेज में मिशन लाइफ व ओडीएफ आयोजित




**हरिभूमि कोलेगांव।** नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिले में नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ओंकार काटले द्वारा पंडरिया ब्लॉक के सभी ग्राम स्कूल व कॉलेज में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, प्रश्नोत्तरी स्पर्धा व सेमिनार के माध्यम से स्कूल व कॉलेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम कर प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार वितरित कर सभी को जन-जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर ओडीएफ व ओडीएफ द्वारा पोस्टर लगाकर लोगो को जन जागरूक किया जा रहा है तथा जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, मिशन लाइफ के उद्धेश्यों को बताया जा रहा है तथा मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दिया जा रहा है। इसी अवसर पर पंडरिया ब्लॉक ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के शासकीय हाई स्कूल बसनी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमे प्रथम स्थान सोमनाथ साहू, द्वितीय ममता साहू तथा तृतीय स्थान संजना खांडे रहें। इस अवसर पर शिक्षक सुधाराम साहू छात्र छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर प्रोत्साहित किया, इस कार्यक्रम के आयोजन ओंकार काटले व संगीता मोहल्ले का सराहनीय योगदान रहा।

# शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की प्रारंभिक तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली के अनुसार 9 अप्रैल से मां महामाया में ज्योति कलश एवं बिरही का कार्यक्रम किया जाएगा जिसकी तैयारियां समस्त ग्रामवासियों व मंदिर समितियों द्वारा किया जा रहा है। मां महामाया मंदिर समितियों द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित के लिए 600 रुपए शुल्क मंदिर समितियों द्वारा निर्धारित किया गया है। वहीं क्वांर व चैत्र नवरात्रि में मां महामाया मंदिर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनोकामना ज्योति कलश व आशीर्वाद प्राप्त कर गांव की सुख-शांति व समृद्धि कामना करते है। वहीं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्रामीण रामाधार शर्मा, पवन शर्मा, राजीव शर्मा, राजकुमार शर्मा, विनय शर्मा, राकेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दिनेश पांडेय, जोतराम साहू, जगदीश साहू, नेतूराम साहू, रिखीराम साहू, डॉ संतोष साहू,



रामसहाय साहू, अवतार साहू, शत्रुहन साहू, महासिंह चौहान, शारदा गोस्वामी, आकाश यादव, मनीराम निषाद व समस्त ग्रामवासी द्वारा तैयारियां में जुटें हुए है।

# समाजसेवी स्व. फूलचंद जैन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवा गोड़ान

दीनदयाल वनवासी सेवा समिति मुंगेली द्वारा संचालित दीनदयाल छात्रावास कोदवा-गोडान समिति के संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी स्व. फूलचंद जैन की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने जहां उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं उनसे जुड़े संस्मरण भी सुनाते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि स्व.फूलचंद जैन ने मुंगेली एवं कबीरधाम जिले के सुंदूर वनांचलो में रहने वाले वनवासियों की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। मूल रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े स्व श्री जैन द्वारा सन 1980 में दीनदयाल वनवासी सेवा समिति का गठन करने के बाद अपने जीवन के अंतिम समय तक वनवासियों के बीच समर्पित होकर जन सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनजागरण के क्षेत्र में जो कार्य किए गए हैं, वह अनुकरणीय तो है ही, अंचलवासियों के लिए वरदान साबित हुए हैं। समिति द्वारा जनसहयोग से सन 1980 से लेकर 1998 तक



लगातार निःशुल्क नेत्र शिविर, विकलांग शिविर, बालरोग व स्त्रीरोग निदान शिविर के अलावा टीबी और दंत शिविरों का आयोजन कर सैकड़ों वनवासियों को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई, यहां उल्लेखनीय है कि उस समय यह पूरा अंचल सड़क, बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं से वंचित होने के चलते विकास की मुख्यधारा से भी कोसों दूर था। संस्था द्वारा जहां पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम कोदवा-गोडान में 75 सीटर, लोरमी के ग्राम डोंगरीगढ में 50 सीटर तथा बोड़ला विकासखंड के ग्राम सोनतरा अमेरा में सर्वसुविधायुक्त निःशुल्क बालक छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। वहीं 3 प्राथमिक एवं दो हाई स्कूल भी संचालित हैं। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अयोध्या आश्रम से पधारे संत रामदास ने अपने उद्बोधन में स्व. श्री जैन के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आधुनिक युग के दधीचि थे, जिन्होंने अपने जीवन के स्वर्णिम काल शोषित, पीड़ित वनवासियों और गरीबों की निस्वार्थ सेवा में समर्पित कर दिया। इस अवसर पर नरेंद्र चंद्रवंसी, हीरालाल यादव, श्रीमती सुमन ठाकुर, रामफूल, श्रीमती शांति, अगसराम पटेल, चंद्रकिशोर प्रजापति, चैतराम ध्रुर्वे, बलदाऊ श्रीवास, दिलीप पटेल, राजेंद्र पटेल, देवेंद्र साकत सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### भोरमदेव में प्रतिवर्ष दो मेले का आयोजन, प्रथम महोत्सव 1995 से प्रारंभ

# चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को विशाल भोरमदेव मेला महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान शिव का आध्यात्मिक क्षेत्र भोरमदेव में प्रतिवर्षोनुसार चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी (तेरस) को विशाल मेले का आयोजन शताब्दियों से किया जा रहा है। यदि हम मेले के इतिहास (महोत्सव नहीं) पर जाएं तो लगता है कि यह मेला राजा राजपाल सिंह के कार्यकाल में भोरमदेव मेले की शुरुआत हुई। अष्टराज अंभोज के अनुसार कवर्धा रियासत के पांचवे राजा राजपाल सिंह के कार्यकाल 1874-1891 ने अपनी राजधानी राजानवागांव स्थानांतरित की थी। इनकी दानवीरता प्रसिद्ध थी, इन्होने उन सब दान को कई बार किया जिनका उल्लेख पुराणों में है। भोरमदेव शिलालेख का पहला अनुवाद राजा उजियार सिंह के कार्यकाल में 1802-49 के मध्य तथा दूसरा अनुवाद 1867 में रानी रूपकुंवर के कार्यकाल में हुआ था जो मेरे (आदित्य श्रीवास्तव) पास है।

भोरमदेव उस समय अत्यंत बीहड़ जंगल था। सन1925 के अष्टराज अम्भोज में स्व.धानूलाल श्रीवास्तव ने उल्लेख किया है कि भोरमदेव में प्रतिवर्ष दो मेले का आयोजन हो रहा है जिसमें एक चैत्रसुदी10 से पूर्णिमा तक है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 3 हजार लोग आते हैं। अब प्रश्न उठता है कि चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी (तेरस)को मेला क्यों? प्रतिमाह की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। यह व्रत महादेव को समर्पित व्रत है तथा इस दिन भोलेनाथ के खास उपाय करके उन्हें प्रसन्न किया जा सकता है। प्रदोष व्रत के संबंध में मान्यता है कि जब चंद्र देव को कुष्ठ रोग हुआ था, तब उन्होंने भगवान शिव की आराधना की थी और शिव जी की कृपा से ही उनका दोष दूर हो गया था। इसीलिए प्रदोष व्रत रखने की मान्यता चली आ रही है। हम जानते हैं कि भोरमदेव का पूरा क्षेत्र ग्राम चौरा में शिवलिंग से आवासित है। मुख्य मन्दिर के भीतर गर्भगृह में स्थित शिवलिंग हाटकेश्वर शिवलिंग है जो सर्व मनोकमना पूर्ण करते हैं और बाजू में बूढ़ा महादेव सन्तान प्राप्ति के लिए प्रसिद्ध हैं।

हिंदू पंचांग के अंतर्गत प्रत्येक माह के तेरहवें दिन को संकृत भाषा में त्रियोदशी कहा जाता है और प्रत्येक माह में कृष्ण और शुक्ल दो पक्ष होते हैं अतः त्रयोदशी एक माह में दो वार आती है। परंतु कृष्ण पक्ष के तेरहवें दिन आने वाली त्रयोदशी भगवान शिव को अति प्रिय है। भगवान शिव के प्रिय होने के कारण इस तिथि को शिव के साथ जोड़कर साधारण भाषा में शिवतेरश कहा जाने लगा। हिन्दू नववर्ष चैत्र प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है और प्रत्येक हिन्दू चाहता है कि आगामी वर्ष में सब कुछ शुभ हो इसके लिए जगत नियंता शिव की पूजा चैत्र कृष्ण त्रयोदशी को करे। क्योंकि शिवजी को यह तिथि अतिप्रिय है तथा इस दिन पूजन करने से भोलेनाथ अत्यन्त प्रसन्न होते हैं। और प्रतिपदा से जगत जननी मां शक्ति की आराधना कर शिव और शक्ति दोनों को प्रसन्न करे, इसीलिए चैत्र तेरस को यहाँ के मेले का विशेष महत्व है। पहले भोरमदेव मन्दिर के उत्तर द्वार पर स्थित भैरव देव में बलि दी जाती थी, उसे 1974 के आसपास प्रशासन, जैन समाज, हिन्दू समाज तथा भोरमदेव तीर्थकारिणी प्रबंध समिति के सहयोग से बंद कराया गया था।

#### मेला महोत्सव को लेकर लोगों में बेसब्री से इन्तजार

भोरमदेव महोत्सव का प्रथम आयोजन 27 व 28 तथा 29 मार्च 1995 को हुआ था। तब से प्रतिवर्ष महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है, केवल कोरोना काल को छोड़कर छतीसगढ़ राज्य में जो भी महोत्सव आयोजित किए जाते हैं उनमें से इस महोत्सव एवं मेले का बेसब्री से इन्तजार कबीरधाम जिले के अतिरिक्त अन्य जिलों की जनता कहीं ज्यादा करती है। यह आयोजन सामाजिक समरसता का एक बड़ा माध्यम है। प्रायः चुनाव आदि के समय आचार संहिता के समय राजनीतिक दलों के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों को अतिथि न बनाकर आयोजन किया जाता रहा है। इस बार भी ऐसा किया जा सकता है।

# गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लूम स्कूल ओलम्पियांड में लहराया परचम

- राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय की छात्र-छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा नें ब्लूम स्कूल ओलम्पियाड फाउन्डेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर कक्षा 11वीं वाणिज्य की छात्र श्रेयांश जैन एवं श्रृष्टि चंद्रवंशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला को गौरवान्वित किया। इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं संचालित कराई गई।





ऌसमें गुरूकुल के विद्यार्थियों ने सभी विधा व सभी विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं बल्कि राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दी।